nt>

Title: Need to take over cement factory at Sawai Madhopur in Rajasthan to protect the interest of workers.-Laid

श्रीमती उषा मीणा (सवाई माधोपुर) : अध्यक्ष महोदय, मेरे संसदीय क्षेत्र सवाई माधोपुर (राजस्थान) में सीमेण्ट की फैक्टरी पिछले १०-१२ साल से बन्द है, जिस कारण लगभग १५,००० कर्मचारी एवं श्रमिक बेरोजगारी का जीवन-यापन कर रहे हैं। राजस्थान सरकार ने इसे निजी मालिकों को बेच दिया तथा निजी मालिक ने इस फैक्ट्री के कर्मचारियों की छंटनी शुरू कर दी तथा इन्हें मिलने वाली सारी सुविधाओं पर गौर न कर उल्टा उन्हें फैक्ट्री के आवास से बाहर कर दिया और बिजली पानी के कनैक्शन काट कर प्रताड़ित करना शुरू कर दिया। इन कर्मचारियों को अभी तक इनका कोई भी पी.एफ., ग्रैच्युटी का हिसाब नहीं मिला है। बिना वेतन के ये लोग बहुत ही कठिन परिस्थिति में अपना जीवन गुजार रहे हैं। इनके बाल-बच्चे आज सड़क पर आ गये हैं और उनकी कोई सुनवाई नहीं हो रही है।

मेरा भारत सरकार से अनुरोध है कि उक्त फैक्टरी का अधिग्रहण किया जाये और बेरोजगार कर्मचारियों को पुनः रोजगार प्रदान किया जाये, ताकि इनकी आर्थिक स्थिति में सुधार आ सके।